**Terms of Reference**
**Consultant, Quality and Patient Safety, NHSRC**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) is a technical support institution under the National Health Mission (NHM), Ministry of Health & Family Welfare. NHSRC works closely with the MoHFW and the States for Health Systems strengthening and supporting implementation of other interventions under the NHM. Work at the NHSRC is organized around seven divisions, namely – Community Processes & Comprehensive Primary Care, Healthcare Financing, Healthcare Technology, Human Resources for Health, Knowledge Management Division, Public Health Administration and Quality and Patient Safety Division. Since its inception in 2006, NHSRC has been a repository of knowledge and a centre of excellence for its agenda. This organization has professional linkages with a plethora of domestic and international bodies involved in the field of Public Health. There have been several personnel who have served with NHSRC and gained invaluable experience enabling them to graduate to next rung of professional ladder. Vast exposure to Ministry of Health and Family Welfare, and its processes is a unique feature of NHSRC.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

For improving the Quality of care of services, delivered at the public health facilities, National Quality Assurance Standards have been under implementation under the National Health Mission. Quality and Patient Safety Division at NHSRC support the implementation through two distinct roles, the first is setting the standards for different level of health facilities as per need and supporting the states in its implementation through capacity building and handholding, and the second function is of verification of attainment of standards at the health facilities through a robust system of quality certification. For improving the Quality of care of services, delivered at the public health facilities, National Quality Assurance Standards were developed under the National Health Mission. In the year 2021, revised operational guidelines for improving quality in

public health facilities was released. The implementation of the NQAS (National Quality Assurance Standards), substantial efforts are undertaken for building the capacity of the states to understand the nuances of each quality standard, followed by hand-holding support through state quality assurance committee and district quality assurance committees.

The division also support the Ministry of Health & Family Planning, GOI and the states in implementation of Kayakalp Initiative, LaQshya, MusQan and Patient Safety Initiatives in the country. There are many other initiatives under development.

For supporting above mentioned tasks, NHSRC intends to induct a Consultant in the Quality and Patient Safety Division. The incumbent is expected to have good clinical background and excellent writing skills.

Support to the States require extensive travel to the states, which may be about one third of the time. The Position reports to Advisor- Quality Improvement and is on Contractual basis.

**Roles & Responsibilities:**

Expected roles of the incumbent are summarized below –

- Review the contemporary literature and programme guidelines and examine the existing measurement system (ME & checkpoints) under the NQAS, LaQshya, MusQan, Kayakalp and Patient Safety Tool.
- Support the division in drafting of other quality initiatives
- Support the States with Implementation of NQAS, LaQshya, MusQan, Kayakalp and Patient Safety Tools.
- Development of Resource Material
- Conduct trainings in the States/UT
- Analysis of key performance indicators, outcome indicators and plan further to strengthen the gaps observed during the analysis.
- May be deputed to work in the Certification unit, NHSRC
- Any other task, as per need of the Quality and Patient Safety Division

**Qualification & Experience:**

For achieving above-mentioned deliverables, the applicant is expected to possess following qualifications & Experience –

**Essential Qualification –(Full time/Regular Degree Only)**

1. Possess MBBS/BDS/BAMS/BHMS/BSc. Nursing/BPT/BOT/BMLT degree with Two years' full-time post-graduate degree in Hospital Management/ Public Health from a reputed institute.

2. 2 years' post-qualification experience.

3. At least one year of experience in the implementation of National Quality Assurance Standards (NQAS) at the State/District level.

4. Knowledge of MS Office (Excel, PowerPoint, Word, Outlook etc.)

Note-

- Only shortlisted candidates will be called for an interview.
- The candidates may be subjected to written test and a presentation to judge their writing skills and language proficiency.

**Written Test Condition:** If the recruitment process includes a written test, a ratio of 1:5 will be adopted for 1 vacancy top 5 candidates will be considered. In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.

- **Age Limit**: 45 Years and below
- **Work Location**: New Delhi; Opportunity to gain hands-on experience of the public health canvas of states and districts.
- Travel to states and districts will be involved.

- **Remuneration Range**: Between Rs. 60,000/- to Rs. 1,20,000/- per month (***Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.)***

**Other Benefits**: In addition to the remuneration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance, Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Contract till 31st March 2028 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at an appropriate level.

**How to apply**: Candidates are requested to complete the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is 16th June 2026

**Note: If you face any issue while applying for the position, you may contact us at 011-26108983/84 (between 9:30 AM and 5:30 PM) or by email at: hr.nhsrc@nhsrcindia.org .**

**संदर्भ की शर्तें**

**सलाहकार, गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा, NHSRC**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) की एक तकनीकी सहायता संस्था है। NHSRC, स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न हस्तक्षेपों के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) तथा राज्यों के साथ निकट समन्वय में कार्य करता है। NHSRC का कार्य सात प्रभागों के माध्यम से संचालित किया जाता है, जिनमें – सामुदायिक प्रक्रियाएँ एवं व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण, स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, नॉलेज मैनेजमेंट प्रभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन एवं गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग शामिल हैं।

वर्ष 2006 में स्थापना के बाद से ही NHSRC अपने कार्यक्षेत्र में ज्ञान के भंडार एवं उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। इस संस्था के सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ पेशेवर सहयोग संबंध स्थापित हैं। अनेक पेशेवरों ने NHSRC में कार्य करते हुए महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है, जिससे उन्हें अपने व्यावसायिक जीवन में उच्च स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिला है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं उसकी कार्यप्रणाली के साथ व्यापक कार्यानुभव NHSRC की एक विशिष्ट विशेषता है।

यदि आप स्वास्थ्य समता एवं उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्यरत एक समर्पित टीम के साथ कार्य करने का विशिष्ट अवसर है। यह पद आपको राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर पर प्रत्यक्ष क्रियान्वयन सहयोग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदाय में सुधार लाने एवं सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने की प्रक्रिया में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करता है। बहु-विषयक टीम के साथ कार्य करते हुए आप सेवा प्रदाय प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य हेतु मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाएँ,

स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ, सार्वजनिक स्वास्थ्य योजना एवं स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित विभिन्न चुनौतियों के समाधान विकसित करने, उन्हें अनुकूलित करने, सह-निर्मित करने एवं प्रसारित करने में योगदान दे सकते हैं। यह बड़े स्तर पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला एवं उप-जिला स्तर के क्रियान्वयन से सीखने, ज्ञान रूपांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य की प्राप्ति में सहयोग करने का अवसर है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) का क्रियान्वयन किया जा रहा है। NHSRC का गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग इस कार्यान्वयन में दो प्रमुख भूमिकाओं के माध्यम से सहयोग प्रदान करता है। पहली भूमिका विभिन्न स्तरों के स्वास्थ्य संस्थानों हेतु आवश्यकता के अनुसार मानकों का निर्धारण करना तथा क्षमता निर्माण एवं तकनीकी सहयोग के माध्यम से राज्यों को उनके क्रियान्वयन में सहायता प्रदान करना है। दूसरी भूमिका एक सुदृढ़ गुणवत्ता प्रमाणन प्रणाली के माध्यम से स्वास्थ्य संस्थानों में मानकों की उपलब्धि का सत्यापन करना है। सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) विकसित किए गए थे। वर्ष 2021 में सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्ता सुधार हेतु संशोधित परिचालन दिशा-निर्देश जारी किए गए। NQAS के क्रियान्वयन के अंतर्गत राज्यों की क्षमता निर्माण हेतु व्यापक प्रयास किए जाते हैं, ताकि वे प्रत्येक गुणवत्ता मानक की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझ सकें। इसके उपरांत राज्य गुणवत्ता आश्वासन समितियों एवं जिला गुणवत्ता आश्वासन समितियों के माध्यम से तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है।

यह प्रभाग भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा राज्यों को देश में Kayakalp पहल, LaQshya , MusQan एवं रोगी सुरक्षा पहलों के क्रियान्वयन में भी सहयोग प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त अनेक अन्य पहलें भी विकासाधीन हैं। उपरोक्त कार्यों के समर्थन हेतु NHSRC, गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग में एक सलाहकार की नियुक्ति करना चाहता है। उक्त पद हेतु अभ्यर्थी के पास अच्छा क्लीनिकल अनुभव एवं उत्कृष्ट लेखन कौशल होना अपेक्षित है।

राज्यों को सहयोग प्रदान करने हेतु व्यापक स्तर पर राज्यों की यात्रा अपेक्षित होगी, जो कुल कार्य अवधि का लगभग एक-तिहाई भाग हो सकती है। यह पद परामर्शदाता (एडवाइजर) - गुणवत्ता सुधार के अधीन कार्य करेगा एवं संविदा के आधार पर होगा।

**कर्तव्य एवं दायित्व :**

उक्त पद हेतु अपेक्षित कर्तव्य एवं दायित्व निम्नानुसार हैं :

- राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, LaQshya, MusQan, Kayakalp एवं रोगी सुरक्षा टूल के अंतर्गत वर्तमान मापन प्रणाली (ME एवं Checkpoints) की समीक्षा करना तथा समकालीन साहित्य एवं कार्यक्रम दिशा-निर्देशों का अध्ययन करना।

- अन्य गुणवत्ता पहलों के प्रारूपण में प्रभाग को सहयोग प्रदान करना।

- राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, LaQshya, MusQan, Kayakalp एवं रोगी सुरक्षा टूल के क्रियान्वयन में राज्यों को सहयोग प्रदान करना।

- संसाधन सामग्री का विकास करना।

- राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।

- मुख्य प्रदर्शन संकेतकों एवं परिणाम संकेतकों का विश्लेषण करना तथा विश्लेषण के दौरान चिन्हित कमियों को सुदृढ़ करने हेतु आगे की कार्ययोजना तैयार करना।

- आवश्यकतानुसार NHSRC की प्रमाणन इकाई में कार्य हेतु प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।

- गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग की आवश्यकता के अनुसार अन्य कार्यों का निर्वहन करना।

**योग्यताएँ एवं अनुभव :**

उपरोक्त अपेक्षित कार्यों के प्रभावी निर्वहन हेतु अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित योग्यताएँ एवं अनुभव होना अपेक्षित है :

**अनिवार्य योग्यताएँ : (केवल पूर्णकालिक/नियमित डिग्री मान्य होगी)**

- एमबीबीएस / बीडीएस / बीएएमएस / बीएचएमएस / बीएससी नर्सिंग / बीपीटी / बीओटी / बीएमएलटी डिग्री के साथ किसी प्रतिष्ठित संस्थान से हॉस्पिटल मैनेजमेंट / सार्वजनिक स्वास्थ्य में दो वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री।

- न्यूनतम 02 वर्ष का उपरांत योग्यता कार्य अनुभव।

- राज्य/जिला स्तर पर NQAS के क्रियान्वयन में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव।

- MS Office (Excel, PowerPoint, Word, Outlook आदि) का ज्ञान।

**नोट :** केवल शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

अभ्यर्थियों की लेखन क्षमता एवं भाषा दक्षता का आकलन करने हेतु लिखित परीक्षा एवं प्रस्तुतीकरण आयोजित किया जा सकता है।

**लिखित परीक्षा संबंधी शर्त :** यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा आयोजित की जाती है, तो 01 रिक्ति के लिए 1:5 का अनुपात अपनाया जाएगा, अर्थात् शीर्ष 05 अभ्यर्थियों को विचारार्थ लिया जाएगा। यदि 02 या अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं, तो ऐसे सभी अभ्यर्थियों को विचारार्थ शामिल किया जाएगा।

**आयु-सीमा :** 45 वर्ष अथवा उससे कम।

**कार्य-स्थल :** नई दिल्ली; राज्यों एवं जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर।

राज्यों एवं जिलों की यात्रा अपेक्षित होगी।

**पारिश्रमिक सीमा :** ₹60,000/- से ₹1,20,000/- प्रति माह।

*पारिश्रमिक अभ्यर्थी की योग्यता एवं अनुभव के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा।

**अन्य लाभ :** उपर्युक्त पारिश्रमिक के अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) के सलाहकारों को निःशुल्क दुर्घटना बीमा, रियायती चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल प्रतिपूर्ति, लैपटॉप प्रतिपूर्ति (NHSRC की नीति के अनुसार), 30 दिवस का समेकित अवकाश, भारत सरकार की नीति के अनुसार महिला सलाहकारों हेतु पूर्ण वेतन सहित मातृत्व अवकाश, प्रदर्शन आधारित वार्षिक वेतन वृद्धि तथा आधिकारिक भ्रमण के दौरान यात्रा भत्ता (TA/DA) एवं प्रतिदिन भत्ता (Per Diem) प्रदान किया जाएगा।

**अनुबंध की अवधि :** प्रारम्भिक अनुबंध 31 मार्च 2028 तक के लिए होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन की स्थिति में आगे बढ़ाया जा सकता है।

चयनित अभ्यर्थियों को NHSRC में समान कौशल-समुच्चय एवं उपयुक्त स्तर के अन्य रिक्त पदों के लिए भी विचारार्थ लिया जा सकता है।

**आवेदन की प्रक्रिया :** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे NHSRC की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को सावधानीपूर्वक भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 16th June 2026 होगी।

**नोट :** यदि पद हेतु आवेदन करने के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है, तो अभ्यर्थी 011-26108983/84 (प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे तक) पर संपर्क कर सकते हैं अथवा hr.nhsrc@nhsrcindia.org पर ई-मेल भेज सकते हैं।